दिन– सोमवार दिनांक– 29 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना जंक्शन से तीन अमृत भारत एक्सप्रेस समेत सात ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

02. निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों के आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए चार सौ सत्तर केंद्रीय पर्यवेक्षकों की तैनाती की घोषणा की।

03. भारत ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता।

04. और, शारदीय नवरात्र के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की हो रही है आराधना। कई मंदिरों और पूजा पंडालों के पट खुले।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना जंक्शन से सात ट्रेनों को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना करेंगे। इनमें तीन अमृत भारत एक्सप्रेस तथा चार पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। रेलमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

आज शुरू होने वाली नई रेलगाड़ियां बिहार वासियों को किफायती और सुखद रेल यात्रा की सुविधा उपलब्ध करायेंगी। मुजफ्फरपुर से हैदराबाद के चर्लपल्ली, दरभंगा से राजस्थान के मदार और छपरा से आनंद विहार के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन होगा। वहीं पटना से बक्सर, नवादा से पटना, झाझा से दानापुर और पटना से इस्लामपुर के बीच नई पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन शुरू होगा। इससे पटना और आस पास के क्षेत्रों के लोगों को काफी राहत मिलेगी। तीन नयी अमृत भारत एक्सप्रेस रेल गाड़ियों के परिचालन से बिहार से इन अमृत भारत ट्रेनों की संख्या बढ़कर तेरह हो जाएगी। इससे देश के विभिन्न हिस्सों से आने जाने वाले विशेष कर पर्व त्योहारों के दौरान बिहार के लोगों को काफी राहत मिलेगी धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों के आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों की तैनाती की घोषणा की है। इनमें सामान्य अधिकारी, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षक शामिल होंगे। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

---

निर्वाचन आयोग बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद कल अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन करेगा। इसी सूची के आधार पर विधानसभा चुनाव

होंगे। आयोग ने कहा है कि जिला मुख्यालय के साथ–साथ विधानसभा क्षेत्र स्तर पर भी मतदाता सूची उपलब्ध होगी।

---

एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाईनल मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से पराजित कर दिया है। भारत ने नौवीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने टीम इंडिया को एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट का विजेता बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद की मंजूरी के बाद बाईस सितम्बर से देश में जीएसटी सुधार लागू हो चुके हैं। आज हम आपको जानकारी दे रहे हैं कि खाद्य पदार्थो पर कर की दरों में कटौती से आम जनता को किस तरह फायदा मिल रहा है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

शारदीय नवरात्र के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूरे विधि विधान के साथ पूजा–अर्चना की जा रही है।

–––म्युजिक–––

मान्यता है कि माता ने दानव रक्तबीज का संहार करने के लिए कालरात्रि का रूप धारण किया था। माँ के इस स्वरूप की पूजा करने से भय से मुक्ति मिलती है और नकारात्मक विचारों का नाश होता है। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आज पूजा पंडालों में प्राण–प्रतिष्ठा के साथ ही देवी प्रतिमाओं के पट दर्शन के लिए खुल जायेंगे। बांग्ला पद्धति के अनुसार पूजा वाले स्थानों पर कल ही पट खुल गये। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि देवी प्रतिमा के दर्शन के लिए प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। इस बार कई स्थानों पर पर्यावरण की सुरक्षा और स्वच्छता का संदेश देते हुए इको फ्रेंडली पंडाल बनाये गये हैं। पटना के डाकबंगला चौराहे पर तंजौर के वृहदीश्वर मंदिर, एतवारपुर में अयोध्या के राम मंदिर, संपतचक में मथुरा के प्रेम मंदिर, कदमकुंआ में देवघर के बैद्यनाथधाम मंदिर, और मीठापुर में

काठमांडू के पशुपति नाथ मंदिर की तर्ज पर पंडाल का निर्माण किया गया है। विभिन्न स्थानों पर रामलीला, गरबा और डांडिया महोत्सवों का भी आयोजन किया जा रहा है।

———म्युजिक———

---

दुर्गा पूजा और अन्य त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा के लिए राज्यभर में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि केंद्रीय सुरक्षा बलों की ग्यारह कंपनियों को भी प्रतिनियुक्त किया गया है।

———बाईट———

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि बिना लाईसेंस मूर्ति विसर्जन और जुलूस निकालने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने पूजा में ऑफर के नाम पर ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सजग रहने की सलाह दी है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज ग्यारह हजार नौ सौ इक्कीस करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पटना में आयोजित कार्यक्रम में श्री कुमार भवन निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पर्यटन विभाग और लघु जल संसाधन विभाग की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य उपस्थित रहेंगे।

---

मौसम विभाग ने दो अक्टूबर से छह अक्टूबर के बीच प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान उत्तर बिहार और पूर्वी बिहार में कई जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश की आशंका है। विभाग ने कहा है कि वायुमंडल के निचले स्तर पर पूरबा हवा की सक्रियता बनने के साथ नमी में वृद्धि होने से बारिश की परिस्थितियां बन रही हैं।

---

बिहार कर्मचारी चयन आयोग ने द्वितीय इंटरस्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए संशोधित विज्ञापन जारी किया है। अब तेईस हजार एक सौ पचहत्तर पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जायेगी। आयोग ने कहा है कि इस विज्ञापन के लिए एक बार फिर ऑनलाईन आवेदन लिये जायेंगे। आवेदन की प्रक्रिया पन्द्रह अक्टूबर से शुरू होकर सत्ताईस नवम्बर तक चलेगी।

---

नालंदा जिले के हरनौत में निर्माणाधीन रेलवे ऊपरी पुल, आरओबी का गार्डर गिरने से मलबे में दब कर छह मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गये। शटरिंग टूटने के कारण यह हादसा हुआ। घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

---

पूर्वी चम्पारण जिले के रक्सौल से नेपाल से भारत में घुसपैठ कर रहे अफ्रीकी देश आइवरी कोस्ट के एक नागरिक को आव्रजन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है। वह गलत पासपोर्ट के आधार पर भारत में प्रवेश कर रहा था।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– एशिया कप–अजेय भारत के आगे पाक का गुरूर चूर। खेल के मैदान पर भी ऑपरेशन सिंदूर।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– राजनीति में भी महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अब आवश्यक।

प्रभात खबर लिखता है– चुनाव आयोग की सुपर टीम तैयार। मैदान में चार सौ सत्तर पर्यवेक्षक।

दैनिक भास्कर ने पटना मेट्रो से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– सेफ्टी कमिश्नर की टीम आज फाईनल जांच करेगी, तब हरी झंडी।

राष्ट्रीय सहारा ने मन की बात में प्रधानमंत्री के संबोधन को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– यूनेस्को की विरासत में शामिल होगा छठ पर्व।

आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने दुर्गा पूजा से जुड़ी खबरों को सचित्र प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना जंक्शन से तीन अमृत भारत एक्सप्रेस समेत सात ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

02. निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों के आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए चार सौ सत्तर केंद्रीय पर्यवेक्षकों की तैनाती की घोषणा की।

03. भारत ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता।

04. और, शारदीय नवरात्र के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की हो रही है आराधना। कई मंदिरों और पूजा पंडालों के पट खुले।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।